**Terms Of Reference**

**Junior Consultant-Public Health Policy & Planning (NHM-I, MoH&FW)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi on behalf of Ministry of Health & Family Welfare (MoHFW) is seeking applications from qualified candidates for the above mentioned post purely on contractual basis.

**Roles & Responsibilities:**

- Undertake/ Assist field visits and monitor/review the programme implementation.
- Coordination of NHM Programme Implementation Plan (PIP) with Programme Divisions of the Ministry, collation of their inputs/comments on the PIP for placing the same before the NPCc for State allocated to the consultant.
- Capacity building of States for preparing PIP.
- Prepare reports for internal analysis of programme implementation of the allocated states.
- Collate information on allotted States for facilitating planning process and monitoring of NHM implementation activities.
- Undertake any other assignments, which may be assigned from time to time by the Reporting Authority i.e. Director/Deputy Secretary.

**Eligibility:**

- Post-graduation or higher qualification in public health, Community health, Preventive & Social Medicine.
- Published work in the area of health systems or public health.
- Post-qualification work experience of 0 to 1 year in Health Systems Research or in Planning and implementation of service delivery.
- Computer proficiency with high level of familiarity with commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point & Web surfing to search relevant data & documents.
- Excellent communication and presentation skills, analytical and interpersonal abilities, excellent oral and written communication skills in English. Working knowledge of Hindi also desirable.
- Demonstrated ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Demonstrated experience in operationalizing health program at field level/ working in strengthening of district level health systems.
- Willingness to travel to states & districts to provide technical assistance & ability to work on different assignments simultaneously to meet the timelines for assignments.

**Age Limit:** up to 35 years as on last date for receiving application.

**Remuneration range:** Between Rs. 40,000/- to Rs. 70,000/- per month.

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **28-Jul-2026.**

**Written Test Condition:**

If the recruitment process includes a written test, a minimum qualifying mark will be 70%. However, If the number of qualifying candidates is high, a ratio of 1:5 will be adopted for 1 vacancy top 5 candidates will be considered. In case 2 or more candidates qualify with the same marks, all such candidates will be considered.

## संदर्भ शर्तें (टीओआर)
## जूनियर कनसल्टेंट -जन स्वास्थ्य नीति एवं नियोजन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है;

**भूमिकाएं और दायित्वः**

- फील्ड दौरे करना/करने में सहायता करना और कार्यक्रम के कार्यान्वयन की निगरानी/समीक्षा करना।
- परामर्शदाता को आबंटित राज्य की राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) पर उनके इनपुट/टिप्पणियों को सुव्यवस्थित करने में मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय करना।
- पीआईपी तैयार करने के लिए राज्यों का क्षमता निर्माण करना।
- आवंटित राज्यों के कार्यक्रम कार्यान्वयन के आंतरिक विश्लेषण के लिए रिपोर्टें तैयार करना।
- नियोजन प्रक्रिया में सहयोग करने और एनएचएम कार्यान्वयन गतिविधियों की निगरानी के लिए आवंटित राज्यों के बारे में प्राप्त जानकारी को सुव्यवस्थित करना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

**योग्यताः**

- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान या सेवा प्रदायगी की योजना निर्माण एवं कार्यान्वयन के क्षेत्र में 0–1 वर्षों का कार्य अनुभव।
- आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस-वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित करने/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।

**आयुः** आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 35 वर्ष तक।

**पारिश्रमिक सीमाः** प्रतिमाह 40,000/- रु. से 70,000/- रु. के बीच

**आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध आवेदन को ठीक से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि **28-Jul-2026** ळें

**<u>लिखित परीक्षा की शर्तें:</u>**

यदि भर्ती प्रक्रिया में लिखित परीक्षा शामिल है तो न्यूनतम उत्तीर्ण अंक 70% होंगे। हालांकि यदि उत्तीर्ण उम्मीदवारों की संख्या अधिक है तो 1 रिक्ति के लिए 1:5 का अनुपात अपनाया जाएगा और शीर्ष 5 उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा। यदि 2 या अधिक उम्मीदवार समान अंकों के साथ उत्तीर्ण होते हैं तो ऐसे सभी उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा।